# मंकीपॉक्स मुख्य तथ्य

- **मंकीपॉक्स वायरस आपको बीमार कर सकता है, और अक्सर शुरुआती फ्लू जैसी बीमारी उत्पन्न करता है, जिसमें शरीर पर दाने या घाव (पॉक्स) हो जाते हैं।**
- **मंकीपॉक्स करीबी, व्यक्तिगत, और अक्सर त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से किसी में भी फैल सकता है।**

## लक्षण

- मंकीपॉक्स के शुरुआती फ्लू जैसे लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, लिम्फ नोड्स में सूजन, ठंड लगना और थकावट शामिल हो सकते हैं।
- शरीर पर दाने बुखार के बाद 1 से 3 दिनों के भीतर (कभी-कभी लंबे समय बाद) दिखाई देने लगते हैं, जो अक्सर चेहरे से शुरू होकर शरीर के अन्य भागों तक फैल जाते हैं।
- बीमारी आमतौर पर 2 से 4 सप्ताह तक रहती है।

## प्रसारण

- मंकीपॉक्स इन माध्यमों से फैल सकता है:
  - मंकीपॉक्स के दाने, घाव या पपड़ी से सीधा संपर्क
  - मंकीपॉक्स से पीड़ित किसी व्यक्ति द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं, कपड़ों, बिस्तरों, तौलियों या सतहों से संपर्क
  - मंकीपॉक्स से पीड़ित व्यक्ति की सांस में निकलने वाली सूक्ष्म बूंदें या मुंह से निकलने वाले तरल पदार्थ
- मंकीपॉक्स लक्षण शुरू होने से लेकर सभी घावों के ठीक होने तक फैल सकता है, जिसमें कई सप्ताह लग सकते हैं। कुछ लोग लक्षण प्रकट होने से 1 से 4 दिन पहले से ही दूसरों में मंकीपॉक्स फैला सकते हैं।

## मंकी पॉक्स के हालिया क्लस्टर

- मंकीपॉक्स के मामलों को हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका सहित ऐसे कई देशों में रिपोर्ट किया गया है जिनमें सामान्यतः मंकीपॉक्स गतिविधि नहीं होती है।
- मंकीपॉक्स अधिकतर मंकीपॉक्स से पीड़ित किसी व्यक्ति के निकट, अंतरंग संपर्क से फैलता है।

## उपचार एवं रोकथाम

- मंकीपॉक्स का कोई विशेष उपचार नहीं है। चूंकि मंकीपॉक्स और चेचक का कारण बनने वाले वायरस समान हैं, चेचक से बचाव के लिए विकसित एंटीवायरल दवाओं का मंकीपॉक्स के प्रभावी इलाज में उपयोग किया जा सकता है।
- मंकीपॉक्स से बचाव के लिए पसंदीदा टीका है JYNNEOS। और अधिक जानने के लिए देखें: nj.gov/health/monkeypox/vaccines।

## जनता के लिए सिफारिशें

- आम जनता के लिए जोखिम कम है।
- यदि आप चिंतित हैं कि आपको मंकीपॉक्स है तो तुरंत चिकित्सा देखभाल लें।
- बीमार लोगों के निकट संपर्क में आने से बचें, जिनमें त्वचा में घावों या जननांग में घावों वाले लोग शामिल हैं।

## अधिक जानकारी के लिए

- चिकित्सा संबंधित प्रश्नों के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें
- इस साईट पर जाएँ: nj.gov/health/monkeypox

Centers for Disease Control and Prevention से अनुकूलित

5/25/2023